जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

विविध मुन्तकिली प्रार्थना पत्र प्रकरण सं0 29/2018 (RCMS 2018/00055) देवी लाल पुत्र श्री पूर्णराम जाति जाट निवासी सांवतसर तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) पदमपुर।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

26.09.2018

प्रार्थी के अभिभाषक श्री विक्रम बिश्नाई उपस्थित है। उसे सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थी के विद्वान अभिभाषक का कथन है कि प्रार्थी ने चक 13 ईईए तहसील पदमपुर के मुरब्बा नम्बर 13 की 12 बीघा बारानी भूमि का खातेदार मालिक घोषित करवाने हेतु एक राजस्व वाद अनवानी देवीलाल बनाम राजस्थान सरकार प्रकरण संख्या 46/2014 पेश किया हुआ है जिसमें निष्पक्ष न्याय न मिलने की सम्भावना को लेकर यह मुंतकिली प्रार्थना पत्र पेश किया था। अब चूकि अधिनस्थ न्यायालय के पीठासीन अधिकारी का अन्यत्र स्थानान्तरण हो चुका है इसलिए प्रार्थी अब उक्त प्रकरण में कोई कार्यवाही नही चाहते है इसलिए इसे इसी आधार पर खारिज कर दिया जावे उन्हे कोई आपति नही है।

मैनें प्रार्थी अभिभाषक की बहस पर मनन किया और पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया कि प्रार्थी ने चक 13 ईईए तहसील पदमपुर के मुरब्बा नम्बर 13 की 12 बीघा बारानी भूमि का खातेदार मालिक घोषित करवाने हेतु एक राजस्व वाद अनवानी देवीलाल बनाम राजस्थान सरकार प्रकरण संख्या 46/2014 पेश किया था जिसमें प्रार्थी ने पीठासीन अधिकारी से निष्पक्ष न्याय न मिलने की सम्भावना को लेकर उक्त प्रकरण किसी अन्यत्र सक्षम न्यायालय में सुनवाई व निस्तारण हेतु मुंतकिल किये जाने के लिए यह मुंतकिल प्रार्थना पत्र पेश किया है।

२।।८।।

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर

चूंकि प्रार्थी अभिभाषक अब इस प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है और वैसे भी तत्कालीन उपखण्ड अधिकारी पदमपुर का अन्यत्र स्थानान्तरण हो चुका है। इसलिए यह मुंतकिली प्रार्थना पत्र निष्प्रभावी अर्थात फलहीन हो गया है इसलिए इसे इसी आधार पर खारिज किया जाना उचित होगा

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तक़िली प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेश की प्रति उपखण्ड अधिकारी, पदमपुर को पालनार्थ भेजी जावें। पत्रावली बाद तरतीब़ तक़मील दाख़िल दफ्तर हो।

यह आदेश आज दिनांक 26.09.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायलय में सुनाया गया।

(ज्ञाना राम)
जिला कलैक्टर
श्रीगंगानगर